भारत सरकार

कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 632

उत्तर देने की तारीख 23 जुलाई, 2021

शुक्रवार, 01 श्रावण, 1943 (शक)

शिक्षुता प्रशिक्षण

632 श्री नीरज डांगी:

क्या **कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में शिक्षुता प्रशिक्षण प्रदान कर रही औद्योगिक इकाइयों की संख्या कितनी है, विशेषत: राजस्थान में औद्योगिक क्षेत्र-वार सहित तत्संबंधी ब्योरा क्या है;

(ख) क्या सरकार का देश के महानगरों में कार्य कर रही औद्योगिक इकाइयों में शिक्षुता प्रशिक्षण प्रदान करने को अनिवार्य बनाने का विचार है; और

(ग) यदि हां, तो इस संबंध में की गई तैयारियों का ब्योरा क्या है?

उत्तर

कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री

(श्री धर्मेंद्र प्रधान)

(क) वर्तमान में, देश में 18,353 औद्योगिक इकाइयां शिक्षुता प्रशिक्षण दे रही हैं। शिक्षुता प्रशिक्षण 266 निर्दिष्ट ट्रेड और अर्थव्यवस्था के सभी क्षेत्रों को कवर करने वाले 400+ वैकल्पिक ट्रेडों में उपलब्ध है। राजस्थान राज्य सहित प्रतिष्ठानों/औद्योगिक इकाइयों का राज्य-वार विवरण **अनुबंध-I** में दिया गया है।

(ख) और (ग) शिक्षुता नियमावली, 1992 के नियम 7 ख (1) के अनुसार, प्रतिष्ठानों/ औद्योगिक इकाइयों के लिए अनुबंधित श्रमिकों सहित उनकी कुल जनशक्ति के 2.5% से 15% के बैंड में शिक्षुओं को सहबद्ध करना अनिवार्य है।

केंद्रीय क्षेत्र के प्रतिष्ठानों के लिए शिक्षुता प्रशिक्षण का कार्यान्वयन प्रशिक्षण महानिदेशालय (डीजीटी) और इसके 22 क्षेत्रीय कौशल विकास और उद्यमशीलता निदेशालय (आरडीएसडीई), राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) तथा 37 क्षेत्र कौशल परिषद (एसएससी) के माध्यम से किया जाता है। इसके अलावा, राज्य सरकारें राज्य कौशल विकास मिशन (एसएसडीएम) और जिला स्तर पर सहायक शिक्षुता सलाहकार (एएए) की सहायता से राज्य स्तर पर राज्य शिक्षुता सलाहकार (एसएए) के माध्यम से राज्य के अधिकार क्षेत्र में आने वाले प्रतिष्ठानों में शिक्षुता प्रशिक्षण भी लागू कर रही हैं।

अनुबंध-I

'शिक्षुता प्रशिक्षण' के संबंध में दिनांक 23.07.2021 को उत्तर दिए जाने के लिए अतारांकित प्रश्न संख्या 632 के उत्तर में संदर्भित अनुबंध

राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का नाम	शिक्षुता प्रशिक्षण प्रदान करने वाली औद्योगिक इकाइयाँ
अंडमान व निकोबार द्वीप समूह	0
आंध्र प्रदेश	267
अरुणाचल प्रदेश	1
असम	36
बिहार	57
चंडीगढ़	22
छत्तीसगढ	41
दादरा और नगर हवेली	19
दमन और दीव	13
दिल्ली	215
गोवा	96
गुजरात	7197
हरयाणा	2694
हिमाचल प्रदेश	155
जम्मू और कश्मीर, लद्दाख	126
झारखंड	103
कर्नाटक	359
केरल	649
लक्षद्वीप	1
मध्य प्रदेश	315
महाराष्ट्र	2461
मणिपुर	1
मेघालय	2
मिजोरम	0
नगालैंड	0
उड़ीसा	182
पुदुचेरी	59
पंजाब	203
राजस्थान	**283**
सिक्किम	6
तमिलनाडु	548
तेलंगाना	320
त्रिपुरा	26
उत्तर प्रदेश	1446
उत्तराखंड	186
पश्चिम बंगाल	264
सकल योग	**18353**

****